# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIA
## FIRST TERM EXAMINATION (4 Septembe 25)
## HINDI COURSE - B
## Class - X (Set - B)

Time allowed : 3 hours  ximum Marks : 80

## खंड (क) : अपठित बोध

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **(7)**

आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है और भाषा संस्कार से बनती है। जिसके संस्कार होंगे, वैसी उसकी भाषा होगी। जब कोई आदमी भाषा बोलता है, तो साथ में उसके संस्कार भी हैं। यही कारण है कि भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत गुरुतर और चुनौतीपूर्ण है। परंपरागत रूप में शि भूमिका इन तीन कौशलों-बोलना, पढ़ना और लिखना तक सीमित कर दी गई है। केवल यांत्रिक कौ सी जीती-जागती भाषा का उदाहरण नहीं हो सकते हैं। सोचना और महसूस करना दो ऐसे कारक हैं, भाषा सही आकार पाती है। इनके बिना भाषा, भाषा नहीं है, इनके बिना भाषा संस्कार नहीं बन सकती, इ ना भाषा युगों-युगों का लंबा सफ़र तय नहीं कर सकती, इनके बिना कोई भाषा किसी देश या समाज की नहीं बन सकती। केवल संप्रेषण ही भाषा नहीं है। दर्द और मुस्कान के बिना कोई भाषा जीवंत नहीं हो स भाषा हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण है। भाषा के बिना मनुष्य पूर्ण नहीं है। भाषा में ही हमारे भाव राज्य, संस्कार, प्रांतीयता झलकती है। इस का संबंध व्यक्ति की मानवीय संवेदना और मानसिकता से भी होता है। जिस व्यक्ति के जीवन का उद्दे मानसिकता जिस स्तर की होगी, उसकी भाषा के शब्द और मुख्यार्थ भी उसी स्तर के होंगे। साहित्यक भाषा को आधार बनाते हैं, जो उनके पाठकों एवं श्रोताओं की संवेदना के साथ एकाकार करने में समर्थ

(i) आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है, क्योंकि- (1)

(a) मनुष्य की पूर्णता भाषा द्वारा ही संभव है

(b) व्यक्ति के मनोभाव भाषा से ही व्यक्त होते हैं

(c) भाषा का प्रचार और विकास कोई रोक नहीं सकता

(d) दर्द और मुस्कान के बिना भाषा जीवित नहीं हो सकती

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए ल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1)

कथन (A)- जब कोई आदमी बोलता है तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं।

कारण (R)-भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत चुनौतीपूर्ण होता है; क्योंकि उसे कौशलों का स करना होता है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख् ा है।

B-1

Scanned with OKEN Scanner

(iii) गद्यांश में साहित्यकार द्वारा किए गए कार्य का उल्लेख इनमें से कौन-से विकल्प से ज्ञात होता है (1)

(a) साहित्य समाज का दर्पण है

(b) साहित्यकार साहित्य सृजन में व्यस्त रहता है

(c) साहित्यकार सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान बनाता है

(d) साहित्यकार जन सामान्य की अस्मिता का परिचायक होता है

(iv) गद्यांश के अनुसार शिक्षक की वास्तविक भूमिका क्या होती है? (2)

(v) जीवंत भाषा का लक्षण बताइए। (2)

**2. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए,** **(7)**

आज से कुछेक दशक पहले यदि कोई हमसे यह प्रश्न करता कि क्या रोबोट्स अच्छे अध्यापक साबित होंगे तो निश्चित रूप से हमें प्रश्न करने वाले की बुद्धि पर तरस आता, लेकिन आज के इस वैज्ञानिक युग में यह प्रश्न हमें कुछ सोचने को बाध्य करता है। मेरी दृष्टि में इसका उत्तर होगा– नहीं, ऐसा इसलिए कि शिक्षण का काम सिर्फ़ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक भी है और उसके साथ-साथ मनोवैज्ञानिक भी। रोबोट एक मशीन है, जो मनुष्य के संकेत व निर्देश का अनुपालन करने में समर्थ है, उसमें भावनाओं का आरोह व अवरोह संभव नहीं है, जबकि एक शिक्षक में भावनाओं का होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है। आज से नहीं, अपितु पुरातनकाल से ही हमारे देश में गुरु- शिष्य की लंबी परंपरा रही है। क्या रोबोट के साथ यह परंपरा कायम रहेगी? गुरु और शिष्य का संबंध भावनात्मक धरातल पर अवस्थित होता है, गुरु के प्रति शिष्य के स्नेह में श्रद्धा व आदर का भाव होता है, लेकिन मशीनी मानव के प्रति शिष्य के हृदय में आदर और के भाव नहीं पनप सकते, तब यह रोबोट द्वारा अध्यापन किए जाने पर अपने आपको संतुष्ट नहीं कर सकता। एक सरल अध्यापन के दौरान मनोवैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेना होता है, लेकिन क्या रोबोट द्वारा अध्यापन में मनोवैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेना संभव है? वर्ग के वातावरण व छात्रों के मूड के अनुरूप शिक्षक अपनी पूर्व निर्धारित अध्यापन पद्धति में बदलाव करते हैं, क्या रोबोट ऐसा कर सकता है?

(i) कुछेक दशक पहले रोबोट्स के बारे में क्या धारणा थी- (1)

(a) वे अच्छे अध्यापक साबित होंगे

(b) वे अच्छे सैनिक सिद्ध होंगे

(c) वे अच्छे सेवक सिद्ध होंगे

(d) वे अच्छे वैज्ञानिक सिद्ध होंगे।

(ii) शिक्षण किस प्रकार का कार्य है- (1)

(a) शारीरिक (b) मानसिक (c) मनोवैज्ञानिक (d) उपर्युक्त सभी।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1)

कथन (A)-रोबोट एक मशीन है, जो मनुष्य के संकेतों व निर्देशों का पालन करने में समर्थ है।

B-2

Scanned with OKEN Scanner

कारण (R)-उसमें भावनाओं का आरोह-अवरोह संभव नहीं है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) रोबोट शिक्षक का स्थान क्यों नहीं ले सकता? (2)

(v) गुरु और शिष्य का संबंध कैसा होता है? (2)

## खंड (ख) : व्यावहारिक व्याकरण

**3. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए (4×1 = 4)**

(i) 'वह गिरता-पड़ता' वहाँ पहुँच जाता।' रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(ii) 'सातवीं-आठवीं के कुछ विद्यार्थी हमें उनके बारे में बताया करते थे'-रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(iii) 'बड़े बाजार के प्रायः सभी मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था।'- रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(iv) तीन बजे से ही मैदान में हज़ारों आदमियों की भीड़ जमा होने लगी। रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(v) निम्नलिखित में से क्रियाविशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए- 'पक्षियों की चहचहाटें शनैः शनैः क्षीण होने की थीं।'

**4. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए (4×1 = 4)**

(i) संयुक्त और मिश्र वाक्य में क्या अंतर है?

(ii) मन बहलाने के लिए कभी-कभी मैं भी वहाँ जाता हूँ। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।)

(iii) आज्ञाकारी श्याम माता-पिता की सेवा करता है। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)

(iv) मैं जल्दी से बाहर जाकर ओले देखने लगा। (मिश्र वाक्य में बदलिए।)

(v) प्रतिभाशाली और सहृदय होने के कारण कलाम हर व्यक्ति के हृदय पर राज करेंगे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)

**5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए (4×1 = 4)**

(i) 'चंद्रोदय' सामासिक पद का विग्रह करके भेद भी लिखिए।

B-3

Scanned with OKEN Scanner

(ii) 'आमरण' पद समास के किस भेद का उदाहरण है?

(iii) 'मतिभ्रम' पद समास के किस भेद का उदाहरण है और क्यों?

(iv) ' पंच सतियों का समूह' विग्रह का समस्त पद बनाकर भेद लिखिए।

(v) द्वंद्व समास का एक उदाहरण लिखिए।

**6. 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **(4×1 = 4)**

(i) "जहाज़ का पंछी होना" मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(ii) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए। आज के युग में ईमानदारी --------- हो गई है।

(iii) चिंता ना करो ,उसकी --------- है। वह तुम्हारा विरोध नहीं कर सकता।

(iv) "जो व्यक्ति दो नावों पर पैर रखकर चलते हैं; वह ठीक मझदार में डूबते हैं"। इस वाक्य से मुहावरा छाँट कर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(v) "बात को बढ़ा - चढ़ा कर कहना" अर्थ के लिए मुहावरा लिखिए।

## खंड (ग) : पाठ्यपुस्तक पर आधारित

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।** **(5×1 = 5)**

मैं पास हो गया सालाना इम्तिहान हुआ। भाई साहब फ़ेल हो गए, और मैं दरजे में प्रथम आया। मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया। जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ-'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई? मुझे देखिए, मज़े से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ।' लेकिन वह इतने दुःखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा। हाँ, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान और आत्मसम्मान भी बढ़ा। भाई साहब का वह रौब मुझ पर न रहा। आज़ादी से खेलकूद में शरीक होने लगा। दिल मज़बूत था। अगर उन्होंने फिर मेरी फ़जीहत की, तो साफ़ कह दूँगा- 'आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया। मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया।' ज़बान से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ़ ज़ाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक मुझ पर नहीं था। भाई साहब ने इसे भाँप लिया-उनकी सहज बुद्धि बड़ी तीव्र थी और एक दिन जब मैं भोर का सारा समय गुल्ली-डंडे की भेंट करके ठीक भोजन के समय लौटा, तो भाई साहब ने मानो तलवार खींच ली।

(i) कक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई के व्यवहार में बड़े भाई साहब के प्रति क्या झलकने लगा- (1)

(a) प्रसन्नता (b) अहंकार (c) स्वाभिमान (d) गर्व।

(ii) छोटा भाई बड़े भाई साहब को आड़े हाथों लेना चाहता था परंतु ऐसा कर नहीं पाया, क्यों- (1)

(a) उनकी डाँट-डपट का डर था (b) उसकी हिम्मत नहीं पड़ी

B-4

Scanned with OKEN Scanner

(c) लोक-लाज का डर था (d) उनसे हमदर्दी हो आई।

(iii) छोटे भाई के अव्वल आने पर भाई साहब के व्यवहार में क्या अंतर आया- (1)

(a) वे और अधिक ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे (b) उनके रौब में थोड़ी नरमी आ गई

(c) वे भी खेलकूद में भाग लेने लगे (d) अपनी पीड़ा भूलकर बेहद प्रसन्न हो गए।

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1)

कथन (A)-भाई साहब गुस्सा हो गए और उन्होंने तलवार खींच ली।

कारण (R)-छोटा भाई सुबह से शाम तक गुल्ली-डंडा खेलकर लौटा था।

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(c) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाते हैं- (1)

(i) वार्षिक परीक्षा में हर बार की तरह छोटा भाई भी अच्छे अंकों से पास हो गया।

(ii) भाई साहब दुःखी और उदास हो गए थे।

(iii) छोटे भाई ने अपने हाव-भाव से दर्शा दिया कि उन दोनों में कोई बराबरी नहीं है।

(iv) अब बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को कुछ भी कहना पूरी तरह से छोड़ दिया था।

(a) (i) और (ii) (b) केवल (iii) (c) (ii) और (iii) (d) (iii) और (iv)

**8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए (3×2 = 6)**

(i) "एक संगठित समाज कृतसंकल्प हो तो ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके।" 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संबंध में कहे गए उक्त कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए।

(ii) रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगे तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए। 'तताँरा वामीरो' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) आशय स्पष्ट कीजिए- 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।' 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।



Scanned with OKEN Scanner

(iv) सुलेमान, शेख अयाज़ के पिता और नूह के स्वभाव की उन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए, जो उन्हें आज के मनुष्यों से अलग करती हैं।

**9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनिए** **(5×1 = 5)**

हरि आप हरो जन री भीर ।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि, धर्यो आप सरीर।
बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुंजर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर । ।

(i) मीरा ने अपनी पीड़ा हरने की विनती किससे की है- (1)

(a) ब्रह्मा से (b) शिव से (c) इंद्र से (d) हरि (कृष्ण) से।

(ii) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1)

कथन (A)- श्रीकृष्ण ने भरी सभा में द्रौपदी की लाज बचाई।

कारण (R) - उन्होंने समय पर आकर उसका चीर बढ़ाया।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

(c) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) भगवान ने नरसिंह का रूप किस भक्त के लिए धारण किया- (1)

(a) ध्रुव के लिए (b) केवट के लिए (c) प्रह्लाद के लिए (d) सुदामा के लिए।

(iv) मीरा ने गिरधर से अपना क्या संबंध बताया है- (1)

(a) दासी का (b) सखी का (c) प्रेमिका का (d) पत्नी का।

(v) हरि ने डूबते हुए किसको बचाया- (1)

(a) घोड़े को (b) बच्चे को (c) हाथी को (d) बंदर को।

Scanned with OKEN Scanner

**10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए** **(3×2 = 6)**

(i) 'समाज में परिवर्तन करने की शुरूआत अपने घर से करनी चाहिए।'- कबीर की साखी के माध्यम से इस कथन को सिद्ध कीजिए।

(ii) कवि ने दधीचि, कर्ण आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर मनुष्यता' के लिए क्या संदेश दिया है?

(iii) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि ने किन-किन सद्‌गुणों को मनुष्यता के लिए आवश्यक माना है?

(iv) पर्वत के हृदय से उठकर ऊँचे-ऊँचे वृक्ष आकाश की ओर क्यों देख रहे थे और वे किस बात को प्रतिबिंबित करते हैं?

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए** **(2×3 = 6)**

(i) "स्कूल हमारे लिए ऐसी जगह न थी जहाँ खुशी से भागे जाए" फिर भी लेखक और साथी स्कूल क्यों जाते थे? आज के स्कूलों के बारे में आपकी क्या राय है? क्यों? विस्तार से समझाइए। 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर बताइए।

(ii) बच्चों के लिए खेल और पढ़ाई की व्यवस्था करना अभिभावकों का कर्तव्य है । क्या लेखक और उसके साथियों के अभिभावकों ने यह कर्तव्य निभाया? इस विषय में आपके अभिभावकों की क्या भूमिका है? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर बताइए।

(iii) "हरिहर काका कहानी पारिवारिक जीवन में घर कर चुकी स्वार्थपरता और हिंसा - प्रवृत्ति को बेनकाब करती है। "तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए** **(5)**

(i) ऊर्जा-संरक्षण

संकेत-बिंदु : • ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता • आत्मनिर्भरता का उपाय • हमारी भूमिका • संरक्षण का उपाय।

(ii) सर्जिकल स्ट्राइक: दुश्मन को करारा जवाब

संकेत-बिंदु : • कब हुई? • क्यों हुई? • परिणाम।

(iii) अधजल गगरी छलकत जाय

संकेत-बिंदु : • अधूरा ज्ञान अहंकारी होता है • अज्ञानी हीनभावना के शिकार • अज्ञानी उच्छृंखल होता है • ज्ञानी विनम्र होता है।

8

Scanned with OKEN Scanner

13. अपने नगर के एक प्रख्यात विद्यालय के छात्रों की अनुशासनहीनता की घटनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही के लिए अनुरोध कीजिए। (5)

अथवा

अपने क्षेत्र के विधायक को पत्र लिखकर अपने गाँव में एक बालिका विद्यालय की स्थापना के लिए अनुरोध कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए** (4)

आपका पासपोर्ट मेट्रो ट्रेन में सफ़र के दौरान कहीं खो गया है। समाचार पत्र में विज्ञापन- प्रकाशनार्थ सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

आप मुख्य चिकित्साधिकारी हैं। अपने चिकित्सालय में नेत्र जाँच शिविर आयोजित होने की सूचना तैयार कीजिए।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए** (3)

पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

सामाजिक संस्था 'सवेरा' के नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

16. पाठ्यक्रम का बोझ कम करने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष को ई-मेल लिखिए। (5)

अथवा

परोपकार का परिणाम' पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए।

Scanned with OKEN Scanner